# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सूरजपुर वनमण्डल सूरजपुर (छ.ग.)

**Phone No.** ( 07775)-266992 (O) **E-mail Id** -dfosurajpur@gmail.com

क्रमांक/मा.चि./5492 सूरजपुर, दिनांक/ 06 / 08 /2024

प्रति

निदेशक,

मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

सीपत रोड़ बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– **Proposal for seeking prior approval of the Central Government under Section 2 (1) of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 in in favour of M/s Prakash Industries Limited for Non-Forestry use of 515.581 Ha. (201.806 Ha. For Undergroung Mining) of forest land for Coal Mining in Bhaskarpara Coal Block under Surajpur District in the State of Chhattisgarh (Online Proposal – FP/CG/MIN/149564/2021) – Regarding.**

संदर्भ :– 1. भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक F.No. 8-09/2023-FC dated 11.07.2024

2. छत्तीसगढ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का पत्र क्रमांक/एफ 5–01/2023/10–2 दिनांक 05.08.2024

3. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( भू–प्रबंध) रायपुर का पत्र क्र/भू–प्रबंध/खनिज/331–306/1960 दिनांक 06.08.2024

4. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/मा.चि./316 दिनांक 24.01.2024

––00––

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा भास्करपारा कोल खनन परियोजना हेतु सूरजपुर जिले में सूरजपुर वनमण्डल सूरजपुर के परिक्षेत्र कुदरगढ अन्तर्गत आने वाले संरक्षित वनभूमि 113.246 हे., नारंगी वनक्षेत्र 35.549 हे. तथा ग्राम राजस्व वनभूमि 366.786 हे. कुल वनभूमि रकबा 515.581 हे. क्षेत्र में गैर वानिकी कार्य हेतु का वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत वनभूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव की अंतिम चरण की स्वीकृति भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय FC Division नई दिल्ली द्वारा जारी की गयी है।

कार्यालयीन संदर्भित पत्र क्रमांक – 4 में प्रस्तावित भास्करपारा कोल खनन परियोजना हेतु सूरजपुर जिले में सूरजपुर वनमण्डल सूरजपुर के परिक्षेत्र कुदरगढ अन्तर्गत आने वाले संरक्षित वनभूमि 113.246 हे., नारंगी वनक्षेत्र 35.549 हे. तथा ग्राम राजस्व वनभूमि 366.786 हे. कुल वनभूमि रकबा 515.581 हे. क्षेत्र में से ओपन काष्ट खनन के लिए प्रस्तावित 313.775 हे. क्षेत्र के बदले समतुल्य गैर वनभूमि का चयन खैरागढ़ वनमण्डल में स्थित भूमि रकबा 56.248 हे., बलरामपुर वनमण्डल में स्थित भूमि रकबा 83.454 हे. एवं चांपा वनमण्डल में स्थित शासकीय घास भूमि रकबा 174.085 हे. क्षेत्र में वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु चयनित की गई है। चयनित क्षेत्र 10 वर्षीय सिंचित वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिये वर्ष 2023–24 हेतु निर्धारित दर 9,66,666.00 प्रति हे. अनुसार मांग पत्र जारी किया गया था।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) छ.ग. रायपुर के संदर्भित पत्र क्रमांक–03 द्वारा उक्त प्रकरण में वैकल्पिक वृक्षारोपण (सिंचित) के लिए वर्ष 2024–25 हेतु निर्धारित 1169680.00 प्रति हेक्टेयर की दर से प्राप्त किया जाना है। अतः निम्नानुसार कार्यो हेतु अंतर की राशि जमा किया जाना है ।

| अधिरोपित शर्त क्रमांक | विवरण | जमा की जाने वाली राशि | आपके द्वारा जमा की गई राशि | अंतर की राशि |
|---|---|---|---|---|
| (ii) | व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित वनभूमि 313.787 हे. के बदले समतुल्य गैर वनभूमि की राशि | 354103286.00 | 291575659.00 | 62527627.00 |
| (xii) | गणना पत्रक अनुसार प्रत्याशा मूल्य की राशि | 232464855.00 | 232464855.00 | 0 |
| (viii) | वनक्षेत्र में गैंप प्लानटेशन का चयन कक्ष क्रमांक पी 1620 रकबा 3.090 हे. एवं नारंगी वनक्षेत्र (ग्राम– बडसरा) रकबा 4.128 हे. पर गैप प्लानटेशन की राशि | 4552178.00 | 0 | 4552178.00 |
| (xvii) | माईनिंग क्षेत्र के 100 मी. बाहर बिगडे वन क्षेत्र में जिसका घनत्व 0.4 से कम पर भू–जल संरक्षण की राशि | 689310.00 | 0 | 689310.00 |
| प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वन्य प्राणी ) सह मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक) छ.ग. नवा रायपुर का पत्र क्र./व.प्रा. /प्रबंध–550/106 दिनांक 25.05.22 | वन्यप्राणी संरक्षण योजना | 34595000.00 | 34595000.00 | 0 |
| | कुल योग राशि :– | **626404629.00** | **558635514.00** | **67769115.00** |

अतः उक्त प्रकरण में उपरोक्त विवरर्णित कार्यो अनुसार अंतर की कुल राशि **67769115.00 ( छः करोड़ सतहतर लाख उनसठ हजार एक सौ पन्द्रह रूपये )** मात्र का भुगतान CAMPA खाता में ई–चालान के माध्यम से जमा कर ई–चालान की कॉपी तत्काल प्रस्तुत करते हुए भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिर्वतन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी अंतिम चरण स्वीकृति में उल्लेखित अधिरोपित समस्त शर्तों का बिन्दु वार पालन प्रतिवेदन मय पृथक–पृथक वचन पत्रों सहित तैयार कर 06 प्रतियों में तत्काल प्रस्तुत करें, ताकि प्रकरण में अंतिम चरण की स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन वरिष्ट को प्रस्तुत किया जा सके ।

**वनमण्डलाधिकारी**
**सूरजपुर वनमण्डल, सूरजपुर**

पृ.क्रमांक/मा.चि./ 5493 सूरजपुर, दिनांक/ 06 /08 /2024

प्रतिलिपिः– 1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (भू–प्रबंध), अटल नगर नवा रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2. मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वन वृत्त अम्बिकापुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

**वनमण्डलाधिकारी**
**सूरजपुर वनमण्डल, सूरजपुर**